जबलपुर | शनिवार | 25 जुलाई 2026 | वर्ष 77 | अंक 182 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 | navabharat.com | twitter.com/Nava_Bharat | fb.me/NavaBharat.Social

नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



5 भारत का पाक पर तीखा प्रहार


6 स्कूल शिक्षा परस्पर विश्वास से सुधरेगी

7 पीएम-स्वनिधि योजना से कारोबार में लाभ


8 कॉमनवेल्थ में भारत की धमाकेदार एंट्री


# 10 साल जेल और 10 करोड़ तक जुर्माना

## पेपर लीक पर कैबिनेट ने दी मंजूरी, कानून होगा और सख्त, सोमवार को पेश होगा बिल

**नई दिल्ली, 24 जुलाई. देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं, विशेषकर नीट परीक्षा से जुड़े पेपर लीक के आरोपों और छात्रों के विरोध-प्रदर्शनों के बीच केंद्र सरकार सार्वजनिक परीक्षाओं में होने वाली अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए बड़ा कदम उठाया है. केंद्र सरकार पब्लिक एग्जामिनेशन एक्ट, 2024 को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से इसमें संशोधन पर विचार कर रही है.**

प्रस्तावित संशोधनों पर केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में व्यापक चर्चा के बाद मंत्रिमंडल में दोषियों के लिए अधिकतम 10 वर्ष तक की कैद और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किए जाने पर विचार किया गया है. वहीं, दिल्ली हाई कोर्ट ने पेपर लीक पर फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित करने का ऐलान किया है, वहीं, पेपर लीक और परीक्षा से जुड़े मामलों में तेजी से सुनवाई और सख्त सजा सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित करने के बाद मात्र 3 महीने में कोर्ट का फैसला की बात मानी है. इस बीच आंदोलन को देखते हुए मध्य दिल्ली के 15 अन्य स्टेशन लगातार तीसरे दिन भी बंद रहे. शाम को मंडी हाउस और सेंट्रल सेक्रेटेरिएट मेट्रो स्टेशनों के प्रवेश द्वार फिर से खोल दिए गए.

### पीएम मोदी ने दी मंत्रियों को नसीहत



कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रियों को नसीहत देते हुए अहम सवाल पूछ लिया। उन्होंने पूछा कि आखिर कितने मंत्री इंस्टाग्राम पर एक्टिव हैं? उन्होंने कहा कि आज के युवा इंस्टाग्राम पर एक्टिव हैं. मोदी ने मंत्रियों को रील पोस्ट करने की भी सलाह दी और कहा कि हर मंत्री इंस्टाग्राम पर एक्टिव रहें. साथ ही पीएम मोदी ने एनटीए के ढाँचे में बदलाव के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सोमवार को सदन में पेपर लीक खिलाफ जल्द बिल लाने के भी अपील की है। एनटीए के कर्मचारियों और अधिकारियों को हटाने या एजेंसी को भंग करने की मांग परीक्षाओं में हुई गड़बड़ी की मांग बात कही है। कैबिनेट बैठक में पेपर लीक के दोषियों को कड़ी सजा देने के प्रावधान वाले संशोधन विधेयक के मसौदे को मंजूरी दे दी है।

### एनटीए के 47 अधिकारियों को किया बर्खास्त

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सख्त निर्देश के बाद एजुकेशन सिस्टम और एग्जाम आदि में बड़े सुधार की दिशा में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने बड़ा कदम उठाया है. एनटीए ने 47 अधिकारियों को टर्मिनेट कर दिया है. इसके साथ ही कुछ अधिकारियों के खिलाफ कानूनी और आपराधिक कार्रवाई भी की जाएगी. यह फैसला पेपर लीक विवाद के बाद एनटीए में किए जा रहे व्यापक सुधारों का हिस्सा माना जा रहा है.



कॉकरोच जनता पार्टी और सरकार के बीच शुक्रवार को दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में बैठक हुई. इसमें सरकार की तरफ से केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, जितेंद्र सिंह और कॉकरोज जनता पार्टी की तरफ से सौरभ दास, आशुतोष रांका शामिल हुए. वहीं उन्होंने परीक्षा सुधार के 5 सुझाव भी दिए हैं. उन्होंने बताया कि दो घंटे की बातचीत चली है जिसमें सीजेपी ने सरकार के सामने 3 प्रमुख मांगें और परीक्षा प्रणाली में सुधार के 5 सुझाव रखे हैं. हमनें ने इस पर विचार करने के लिए शनिवार को 3:30 बजे मिलने बुलाया है. नड्डा ने ये भी कहा कि जंतर मंतर में जो युवा प्रदर्शन कर थे उन छात्रों का पर कोई एफआईआर दर्ज नहीं की जाएगी.

### 3 प्रमुख मांगें

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा.
- नीट परीक्षा में जान गंवाने वाले छात्रों के परिवारों को 1 करोड़ का मुआवजा दें.
- छात्रों पर दर्ज एफआईआर को वापस लिया जाए.

### राहुल ने पैलेट गन से घायल छात्रों से मुलाकात की



राहुल गांधी ने शुक्रवार को पैलेट गन से घायल छात्रों से मुलाकात की. वे एक घायल छात्र को साथ में लेकर मीडिया के सामने आए. उन्होंने छात्र के हाथ में लगे घाव को दिखाया. राहुल ने कहा-मैं यह बताना चाहता हूं कि यहां खड़ा मेरा भाई उस समय पैलेट गन से घायल हो गया था, जब वह तिरंगा लेकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध-प्रदर्शन कर रहा था. सरकार का कहना है कि पैलेट गन का इस्तेमाल नहीं किया गया था. उसकी आंख को नुकसान पहुंचा है और उसकी देखने की क्षमता चली गई है. वहीं, कांग्रेस आज देशभर में जिला स्तर पर कैंडल मार्च और सत्याग्रह आयोजित करने की बात कही है.

### वंदे मातरम् बिल को राज्यसभा में किया पेश

वंदे मातरम् से संबंधित राष्ट्र गौरव अपमान निवारण संशोधन विधेयक 2026 शुक्रवार को विपक्ष के विरोध और भारी हंगामे के बीच राज्यसभा में पेश किया गया जिसके बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी. दो बार के स्थगन के बाद दो बजे जब कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही उप सभापति हरिवंश ने गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को विधेयक पेश करने के लिए कहा.

### एक नजर में

#### डब्ल्यूएचओ ने प्रोटेक्ट पहल शुरू की

**जिनेवा.** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 25 जुलाई को मनाए जाने वाले डूबने से बचाव दिवस से पहले प्रोटेक्ट नाम की एक नयी पहल शुरू है. इसका उद्देश्य दुनिया भर की सरकारों और स्थानीय समुदायों को डूबने से होने वाली मौतों को रोकने के लिए सात प्रभावी और व्यवहारिक उपाय अपनाने में मदद करना है. दुनिया भर में हर साल तीन लाख से अधिक लोग डूबने से अपनी जान गंवाते हैं, यानी औसतन हर घंटे 30 लोगों की मौत डूबने से होती है. इनमें से लगभग एक तिहाई बच्चे पांच साल से कम उम्र के होते हैं. इसके अलावा 5 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों की मौत के दस प्रमुख कारणों में डूबना भी शामिल है. आंकड़ों के अनुसार, डूबने से होने वाली 90 प्रतिशत से अधिक मौतें कम और मध्यम आय वाले देशों में होती हैं, जहां लोग नदियों, झीलों, कुओं, घरेलू जल भंडारण निकायों और स्विमिंग पूल में दुर्घटना का शिकार बनते हैं.

#### बॉस्केटबॉल खिलाड़ी वोदका चुराने में गिरफ्तार

**कोलोराडो.** अपने एनबीए करियर के दौरान 60 मिलियन डॉलर (लगभग 500 करोड़ रुपये) से अधिक की कमाई करने वाले अमेरिका की प्रसिद्ध बास्केटबॉल टीम डेनवर नगेट्स के पूर्व पॉइंट गार्ड टाइ लॉसन को 34 डॉलर (लगभग 2800 रुपये) की वोदका की बोतल चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। 38 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी को कोलोराडो की कैसल रॉक पुलिस ने 16 जुलाई की शाम एक शराब की दुकान से कथित चोरी के मामले में हिरासत में लिया। पुलिस की जारी तस्वीर में वे जेल के कपड़ों में शांत खड़े नजर आ रहे हैं।

#### जहाज पुनरुद्धार के लिए 69,725 करोड़ का पैकेज

**नई दिल्ली.** सरकार ने देश के जहाज निर्माण उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए 69,725 करोड़ रुपये के व्यापक पैकेज को मंजूरी दी है. पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने चार स्तंभों पर आधारित रणनीति अपनाई है और इसके तहत इसके तहत घरेलू जहाज निर्माण क्षमता बढ़ाने, वित्तीय सहायता, दीर्घकालिक वित्तपोषण और कौशल विकास पर जोर दिया जाएगा. उनका कहना था कि इस क्रम में 24,736 करोड़ रुपये की शिपबिल्डिंग वित्तीय सहायता योजना, 25,000 करोड़ का समुद्री विकास कोष और 19,989 करोड़ की शिपबिल्डिंग विकास योजना लागू की जाएगी.

### गुस्ताखी माफ




## पत्नी व सौतेली पुत्री के हत्यारे को फांसी की सजा

**जबलपुर, 24 जुलाई. पारिवारिक विवाद के कारण पत्नी तथा सौतेली बेटी की हत्या के आरोप में जिला न्यायालय ने आरोपी को फांसी की सजा से दंडित किया है. न्यायाधीश राजेश कुमार यादव ने अपराध को क्रूर से क्रूरतम मानते हुए उक्त सजा से दंडित किया.**

अभियोजन के अनुसार राधा भूमिया उर्फ अंजुम बानो को उसके पहले पति ने छोड दिया था. पहले पति से उसकी तीन संतान थी. वह लगभग 12 साल पूर्व अपने बेटे आशीष भूमिया उर्फ आसिफ खान तथा बेटी महक के साथ आकर पत्नी के तौर पर रामजी भूमिया निवासी बसंत नगर बरगी के साथ रहने लगी थी. रामजी भूमिया 6 जून 2025 की रात 9.30 बजे घर पहुँचा और परिवारिक विवाद पर पत्नी राधा भूमिका के साथ विवाद करने लगा. बहन के द्वारा फोन पर झगडे की सूचना भाई आशीष भूमिया उर्फ आसिफ खान को दी. बेटे ने घर पहुंचकर मॉ तथा सौतेले पिता को समझाइश दी और उसके बाद चला गया था. (शेष पृष्ठ 12 पर)

## बांग्लादेश के राष्ट्रपति ने दिया इस्तीफा

### नए राष्ट्रपति के चुनाव तक संसदीय अध्यक्ष कार्यवाहक के रूप में संभालेंगे जिम्मेदारी

**ढाका 24 जुलाई. बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उनके एक करीबी सहयोगी ने इसकी पुष्टि की। अप्रैल 2023 में पांच वर्ष के कार्यकाल के लिए चुने गए शहाबुद्दीन के कार्यकाल के अभी लगभग दो वर्ष शेष थे, लेकिन पिछले कुछ दिनों से उनके इस्तीफे की अटकलें लगातार तेज हो रही थीं।**

शुक्रवार को उनके इस्तीफे के साथ इन चर्चाओं पर विराम लग गया। 76 वर्षीय मोहम्मद



शहाबुद्दीन ने अपने इस्तीफे की वजह स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को बताया। द डेली स्टार से बातचीत में उन्होंने कहा कि वह स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। राष्ट्रपति भवन के एक प्रवक्ता के अनुसार, शहाबुद्दीन के प्रतिनिधि उनका त्यागपत्र लेकर संसद के लिए रवाना हो गए हैं। यह त्यागपत्र संसदीय अध्यक्ष हाफिजुद्दीन अहमद को सौंपा जाएगा। बांग्लादेश के संविधान के अनुसार, नए राष्ट्पति के चुनाव तक संसदीय अध्यक्ष कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके बाद संवैधानिक प्रक्रिया के तहत नए राष्ट्रपति का चुनाव कराया जाएगा। मोहम्मद शहाबुद्दीन अप्रैल 2023 में राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे।



## एमपी के 4 महानगरों में बनेंगे फास्ट ट्रैक कोर्ट

- पन्ना में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम यादव ने कहा
- भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में विशेष न्यायालय

**पन्ना, 24 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी गौरवशाली संस्कृति और वसुधैव कुटुम्बकम की भावना के साथ विश्व कल्याण की दिशा में आगे बढ़ रहा है.**

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति मानवता, प्रेम और सबके कल्याण का संदेश देती है, जिसे केंद्र और राज्य सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से साकार कर रही हैं.

पन्ना में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं के शिक्षा और रोजगार से जुड़े मामलों के त्वरित समाधान के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करने की घोषणा की गई है. इसी क्रम में मध्यप्रदेश के चारों महानगरों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में भी ऐसे विशेष न्यायालय स्थापित किए जाएंगे.

उन्होंने बताया कि अगले वर्ष पन्ना मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण किया जाएगा, जिससे नीट अभ्यर्थियों को प्रदेश में ही डॉक्टर बनने का बेहतर अवसर मिलेगा. विभिन्न विभागों की योजनाओं के हितग्राहियों और आत्मनिर्भर ग्राम पंचायतों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. कृषि कल्याण वर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री का हल भेंट कर स्वागत एवं सम्मान भी किया गया.

## उज्जैन के टावर चौक पर बुजुर्ग को मारी गोली

**उज्जैन, 24 जुलाई. टावर चौक पर दिनदहाड़े शुक्रवार दोपहर एक वृद्ध बदमाश में दूसरे वृद्ध को गोली मार दी. घटना के बाद तत्काल पुलिस ने गोली चलाने वाले को पकड़ने के लिए घेराबंदी की रेलवे स्टेशन से बदमाश को दबोच लिया गया. ट्रैक पर गिरने से घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है.**



माधव नगर थाना क्षेत्र के टावर चौक पर अब्दालपूरा के रहने वाले आशुतोष पिता छोगालाल सोनी भवन वर्ष को एक बुजुर्ग बदमाश ने रोका और गाली गलौज करते हुए देसी कट्टा जेब से निकालकर गोली मार दी. गोली चलने की आवाज सुनकर अफरा तफरी मच गई. बदमाश पैदल ही टावर चौक से पाकीजा शोरूम के सामने होते भाग निकला. माधव नगर थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया और सीएसपी दीपिका शिंदे क्षेत्र में भ्रमण करते उन्होंने तत्काल ही टीम के साथ गोली मारकर भाग रहे बदमाश का पीछा शुरू किया. बदमाश मक्सी रोड पारकर रेलवे ट्रैक की ओर पहुंच गया था पुलिस टीम ने उसकी घेराबंदी कर दी बदमाश रेलवे पटरी में पैर फंसने पर गिरकर घायल हो गया उसने पुलिस पर भी कट्टा तान दिया था लेकिन उसे दबोच लिया गया. आरोपी के घायल होने पर उसे अस्पताल लाया गया जहां उसका नाम प्रभु लाल पिता देवा मालवीय निवासी ग्राम तोबरीखेड़ा हाल मुकाम चिमनगंज थाना क्षेत्र के सामने झुग्गी बस्ती होना सामने आया.

## ग्रामीण रोजगार के लिए अब तक सबसे बड़ा बजट

**नयी दिल्ली, 24 जुलाई। सरकार ने कहा है कि विकसित भारत-रोजगार गारंटी और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम-जी) के तहत वित्त वर्ष 2026-27 में 1.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने का अनुमान है।**

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने शुक्रवार को राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी देते हुए बताया कि इसमें केंद्र का हिस्सा 95,692.31 करोड़ रुपये होगा, जो ग्रामीण रोजगार के लिए अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रावधान है। श्री पासवान ने बताया कि वीबी-जी राम-जी अधिनियम इस वर्ष एक जुलाई से लागू हो गया है। इसके तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वित्त वर्ष में रोजगार की कानूनी गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन प्रबंधन सूचना प्रणाली लागू की गई है, जबकि राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि प्रबंधन प्रणाली और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से मजदूरी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जा रही है।

**मीडिया ब्रीफिंग** | भारत किसी भी प्रकार से चीन की संप्रभुता का नहीं करता है उल्लंघन

## चीन का 1963 से भारतीय क्षेत्रों पर है कब्जा

**नयी दिल्ली 24 जुलाई (वार्ता) भारत ने दो टूक शब्दों में कहा है कि उसने कभी भी चीन की संप्रभुता का उल्लंघन नहीं किया है उल्टा चीन जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा किये हुए है।**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से शुक्रवार को मीडिया ब्रीफिंग में यह सवाल पूछा गया कि हाल ही में मनीला में भारत और चीन के विदेश मंत्रियों की वार्ता के बाद



चीन ने कहा है कि भारतीय विदेश मंत्री ने वार्ता के दौरान कहा कि ताईवान को लेकर भारत के रूख में बदलाव नहीं आया है और वह चीन की संप्रभुता का सम्मान करता है। प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि विदेश मंत्री ने साथ ही यह भी कहा कि भारत किसी भी प्रकार से चीन की संप्रभुता का उल्लंघन नहीं करता है और वह चीन से भी इसी तरह के सम्मान की अपेक्षा करता है लेकिन चीन ने 1963 से भारतीय क्षेत्रों पर अवैध कब्जा कर रखा है। प्रवक्ता ने कहा, विदेश मंत्री ने कहा कि जब संप्रभुता के मुद्दों की बात आती है, तो वास्तव में भारत को ही उन्हें उठाना चाहिए और भारत उन्हें उठाता भी है।

भारत किसी भी प्रकार से चीन की संप्रभुता का उल्लंघन नहीं करता और इस मामले में लगातार एक समान रुख पर कायम रहा है। लेकिन चीन 1963 से जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख में भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा किए हुए है, जहां भारत का अधिकार स्वयं चीन द्वारा भी आधिकारिक रूप से स्वीकार किया गया है।

## सूमो पर चट्टान गिरने से 13 की मौत

**चंबा (हिमाचल प्रदेश)24 जुलाई. हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में शुक्रवार को बड़ा सड़क हादसा हो गया. पांगी-उदयपुर सड़क मार्ग पर कडू (काहुडू) नाला के पास पहाड़ी से गिरी विशाल चट्टान का हिस्सा एक टाटा सूमो वाहन पर गिर गया.**

हादसे में चालक समेत 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं. घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, टाटा सूमो कुल्लू से पांगी की ओर जा रही थी. वाहन में चालक सहित कुल 15 लोग सवार थे. जब गाड़ी कडू नाला के पास पहुंची, तभी अचानक पहाड़ी से भारी चट्टान टूटकर नीचे आ गिरी. चट्टान सीधे वाहन पर गिरने से सूमो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार अधिकांश लोग उसकी चपेट में आ गए. हादसे में वाहन चालक बीर सिंह सहित 13 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, स्थानीय प्रशासन और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंचे. बचाव दल ने क्षतिग्रस्त वाहन से लोगों को बाहर निकालने का अभियान चलाया और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया. प्रशासन के अनुसार, राहत एवं बचाव कार्य जारी है. मृतकों की पहचान की प्रक्रिया भी की जा रही है. हादसे के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है. अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना स्थल पहाड़ी क्षेत्र में स्थित है.



हिमाचल के चंबा में हुआ बड़ा सड़क हादसा